**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड**

**<u>प्रेस नोट</u>**

**<u>कक्षा–12, 2011 के परिणाम</u>**

**परीक्षा अवधि** **1 मार्च 2011 से 13 अप्रैल 2011**

**परीक्षाफल घोषणा तिथि** **23 मई 2011 (अजमेर, चैन्नई, पंचकूला, दिल्ली, गुवाहाटी, इलाहाबाद और भुवनेश्वर)**

**<u>परीक्षाफल के आंकडे</u> – क्षेत्रीय कार्यालय पटना के अलावा**

इस वर्ष कक्षा–12 की परीक्षा हेतु कुल **770043** परीक्षार्थी पंजीकृत हुए । पिछले वर्ष की तुलना में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या में 9.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

– वर्ष 2010 के परीक्षाफल की तुलना में उत्तीर्ण प्रतिशत में 1.84 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

  वर्ष 2010 का उत्तीर्ण प्रतिशत 79.87
  वर्ष 2011 का उत्तीर्ण प्रतिशत 81.71

– छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.93 रहा जबकि छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 77.83 रहा ।

– संस्थागत नियमित परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.66 जबकि प्राईवेट परीक्षार्थियों उत्तीर्ण प्रतिशत 45.41 रहा ।

– क्षेत्रीय कार्यालय चैन्नई का उत्तीर्ण प्रतिशत 91.32 रहा जो सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में उच्चतम है ।

# <u>2011 परीक्षाओं से संबंधित महत्वपूर्ण सूचना</u>

1.

- इस वर्ष कक्षा XII के विद्यार्थी पहली बार ग्राफिक डिजाईन पाठ्यक्रम और हेरिटेज क्राफ्ट की परीक्षा में बैठें।
- नेत्रहीन छात्रों के लिये भौतिकी, रसायन, जैनिकी तथा गणित विषयों में अलग प्रश्न पत्र बनाये गये ।

**2. <u>प्रतिदर्श प्रश्न पत्र</u>**

सभी विषयों के संशोधित नमूना प्रश्न पत्र सीबीएसई की वेबसाईट पर मार्च 2011 की परीक्षा के लिए अपलोड किये गये । कम्प्यूटर विज्ञान, म **ग्राफिक्स** ल्टी मीडिया और बैब टेक्नोलोजी, इन्फार्मेशन टेक्नोलोजी, कृषि, गृह–विज्ञान, इन्जीनियरिंग कक्षा XII के पहली बार नमूना प्रश्न पत्र प्रकाशित किये गये ।

**3. सी.बी.एस.ई.टेली काउंसलिंग द्वितीय चरण –<u>23 मई 2011 से 6 जून 2011</u>**

हैल्प लाइन के दूसरे चरण की शुरूआत 23 मई 2011 से 6 जून 2011 तक चलेगी ।

सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त सरकारी और प्राईवेट विद्यालयों के 36 **प्राचार्य**, प्रशिक्षित काउंसलर, मनोवैज्ञानिक और समाज–वैज्ञानिक हैल्पलाईन पर उपलब्ध रहेगे । इनमें से 32 भारत मे उपलब्ध रहेगे । भारत से बाहर दुबई, कुवैत, दोहा–कतर में 4 हेल्प लाइन केन्द्र हैं।

**<u>केन्द्रीकृत और टोल फ्री हेल्पलाइन भारत मे</u>**

छात्रों की अधिक मदद के लिए एक टोल **फ्री** नम्बर स्थापित किया गया है । छात्र देश के किसी क्षेत्र से 1800 11 7002 पर कॉल कर सकते है। आपरेटर सामान्य प्रश्नों के उत्तर देंगे और छात्रों को मनोवैज्ञानिक परामर्श के लिए परामर्शदाता से भी सम्पर्क कराएंगे ।

इस वर्ष लगभग पहले चरण (1 फरवरी से 13 अप्रैल 2011) के दौरान लगभग 2626 कॉल टोल फ्री नम्बर पर प्राप्त हुए जो भिन्न काउंसलर द्वारा संभाले गये । गत वर्ष में इस दौरान लगभग 7333 कॉल प्राप्त हुई । यह आंकडे परीक्षार्थियों में घटे तनाव के सूचक हैं ।

**<u>आई वी आर एसः</u>**

सी.**बी.एस.ई.** ने ''इन्टरएक्टिव वायस रिंसपान्स सिस्टम'' (आई वी आर एस) द्वारा **देश भर में** टेलीकाउंसलिंग निरंतर छठे वर्ष बी.एस.एन.एल. तथा **रिलायन्स** द्वारा उपलब्ध करवाए जाने के अनूठे प्रयास किए हैं ।

| | |
|---|---|
| बी.एस.एन.एल. | 1250102 |
| रिलायन्स | 55500102 |

**<u>4. निर्विध्न मूल्यांकन के लिए तैयारी</u>**

(क) **<u>चीफ नोडल सुपरवाईजर</u>** :– जिन शहरों में विद्यालयों की संख्या अधिक थी और एक विषय में तीन या अधिक मुख्य परीक्षक शामिल थे उनमें मूल्यांकन के लिए चीफ नोडल सुपरवाईजर के रूप में बोर्ड द्वारा विद्यालय के प्राचार्य नियुक्त किए गये । चीफ नोडल सुपरवाईजर उसी विषय के प्रभारी थे जिस विषय में पी.जी.टी. या प्राचार्य के रूप में अध्यापन कर रहे है या अध्यापन किया है । इससे मूल्यांकन कार्य के उचित प्रबंधन, पर्यवेक्षण और उसे समय पर पूरा करना सुनिश्चित किया गया ।

(ख) **<u>पर्यवेक्षण–सारणी</u>:** प्रश्न–पत्रों से संबंधित छात्रों की संगत शिकायतों के निपटान हेतु सभी विद्यालयों के प्राचार्यो को पर्यवेक्षण सारणी भेजी गई जिससे वे संबंधित विषय की परीक्षा के आयोजन के 24 घंटे के भीतर अपने सुझाव दर्ज कर अग्रेषित कर सकें ताकि अंकन–योजना तैयार करते समय विशेषज्ञों द्वारा उन पर विचार किया जा सके ।

(ग) **<u>अनिवार्य मूल्यांकन</u>** : मूल्यांकन के लिए चयन किए गए शिक्षकों को सूचित किया गया कि निर्धारित तिथि एवं समय पर रिपोर्ट करें अन्यथा उनके वार्षिक अभिलेख में इसकी प्रविष्टि की जाएगी । यह भी कहा गया कि किसी विद्यालय द्वारा शिक्षकों को कार्यमुक्त न करने पर उस संस्थान के परिणाम रोके जा सकते हैं । बोर्ड उनकी सम्बद्धता रद्द करने की कार्रवाई करने पर भी विचार कर सकता है । तथापि जिनका सहयोग बहुत अच्छा होगा, उनके व्यक्तिगत रिकार्ड में इस आशय की प्रविष्टि भी की जाएगी ।

**5. <u>विद्यालयों के लिये महत्वपूर्ण सूचना</u> :**

प्रथम अवसर की पूरक परीक्षा **16 जुलाई 2011** से आरम्भ होंगी । परीक्षार्थी अपना आवेदन विद्यालय के प्रधान के माध्यम से प्रेषित करेंगे। संस्थानों के प्रधान सुनिश्चित करेंगे कि पूरक परीक्षार्थियों की सूची संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों में 23.06.2011 **अथवा लेट फीस 10/–रू0 प्रति दिन के हिसाब से 30–06–2011 तक पहुंच जाये ।**

क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली के अंतर्गत आने वाले निजी पूरक परीक्षार्थियों के आवेदन फार्म अंक तालिका सहित उनके परीक्षा केन्द्रों/स्कूलों से जारी किए जायेंगे ।

**6.<u>अंकों का सत्यापन</u>**

सभी उम्मीदवारों के लिए अंकों के सत्यापन की सुविधा उपलब्ध है। उम्मीदवार परिणाम घोषित होने की तिथि से संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

क) अंकों के सत्यापन के लिए फार्म बोर्ड की वेबसाइट www.cbse.nic.in पर भी उपलब्ध होगा।

ख) (1) तत्काल सत्यापन के लिए बोर्ड ने ऑनलाईन आवेदन की व्यवस्था की है ऑनलाईन आवेदन परीक्षा की घोषणा की तिथि से 5 दिनों के अंदर 300/–रू0 प्रति विषय की दर पर डिमान्ड ड्राप्ट सहित किये जा सकते है डिमाड ड्राप्ट सचिव केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नाम से देय होगा ।

(2) परिणाम घोषित होने की तिथि से 21 दिन के अन्दर ऑनलाईन/ऑफ लाईन आवेदन करने पर शुल्क रु0 200/– प्रति विषय है ।

ग) आवेदन प्राप्त करने की विधि और शुल्क इस प्रकार होगा :–
1. ऑन लाइन आवेदन डिमांड ड्राफ्ट के द्वारा भुगतान के साथ

2. ऑफ लाइन आवेदन पूर्व प्रक्रिया के अनुसार

घ) ऑन लाइन या ऑफ लाइन सभी आवेदनों पर पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**दिल्ली में नकद शुल्क सहित अंक सत्यापन (पुनः जांच) के आवेदन फार्म निम्नलिखित संस्थानों द्वारा विद्यालय के कार्य समय में प्राप्त किए जाएगे ।**

**वर्ष 2011 की परीक्षा के अंकों के सत्यापन के लिए दिल्ली में शुल्क एवं प्रपत्रों को जमा कराने के लिए निर्दिष्ट विद्यालयों की सूची ।**

**दिल्ली**

| क्र. स. | विद्यालय का नाम व पता |
|---|---|
| 1. | बाल भवन पब्लिक स्कूल पाकेट–बी फेस 2,मयूर विहार, दिल्ली–91 |
| 2. | यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, ए ब्लाक, प्रीत विहार दिल्ली–92 |
| 3. | सैंट ग्रिरि पब्लिक स्कूल पॉकेट 25–27 सेक्टर–3, रोहिणी, दिल्ली |
| 4. | ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल, जी.टी.बी. मेडिकल कॉलेज, दिलशाद गार्डन दिल्ली–95 |
| 5. | ज्ञानदीप विद्या भवन, सी–10, ब्लाक, यमुना विहार दिल्ली–95 |
| 6. | गुरू हरकिश्न पब्लिक स्कूल, लोनी रोड, शाहदरा, दिल्ली–32 |
| 7. | लीलावती विद्या मन्दिर, उच्चतर माध्यामिक विद्यालय, शक्ति नगर, दिल्ली–7 |
| 8. | महावीर उच्चतर मॉडल स्कूल जी .टी. करनाल रोड, दिल्ली–33 |
| 9. | महाराजा अग्रसेन आदर्श पब्लिक स्कूल, डीयू ब्लॉक पीतमपुरा दिल्ली–34 |
| 10. | क्रिट वर्ल्ड स्कूल, पीतमपुरा, दिल्ली–110034 |
| 11. | वेद ब्यास, डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल विकास पुरी दिल्ली–18 |
| 12 | एस.डी. पब्लिक स्कूल लाल मन्दिर ईस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली–8 |
| 13 | गुरू हरकिश्न पब्लिक स्कूल, रोड न. 73, पंजाबी बाग, नई दिल्ली–26 |
| 14 | स्प्रिंग मिडोस पब्लिक स्कूल मेन नजफगढ़ रोड, उत्तम नगर, दिल्ली–59 |
| 15 | साधू वासवानी इन्टरनेशनल स्कूल, जीईएसए शंति निकेतन, नई दिल्ली–70 |
| 16 | ग्रीन फील्ड स्कूल, ए–2, डी. सफदरजंग एन्कलेव, नई दिल्ली–29 |
| 17 | रेड रोज़ पब्लिक स्कूल डी. ब्लॉक, साकेत नई दिल्ली–17 |
| 18 | गुरू हरकिश्न पब्लिक स्कूल, कालका जी एक्सटेंशन, नई दिल्ली–19 |
| 19 | मार्डन स्कूल, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001 |
| 20 | एस. एस. एल. टी. गुजरात उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजनिवास मार्ग, दिल्ली–54 |
| 21 | कमर्शियल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दरियागंज, नई दिल्ली–02 |
| 22 | सलवान पब्लिक स्कूल, राजिन्दर नगर, नई दिल्ली–60 |
| 23 | दीपांशु पब्लिक स्कूल, कामेरदीन नगर, नागलोई, नई दिल्ली–60 |
| 24 | राइजिंग स्टार एकेडेमी सेकेण्डरी पब्लिक स्कूल, 110 राजनगर, पीतमपुरा दिल्ली–34 |
| 25 | कैम्ब्रिज फाउण्डेशन स्कूल रजौरी गार्डन एक्सटेशन, नई दिल्ली–27 |
| 26 | नेशनल विक्टर पब्लिक स्कूल, आई0पी0एक्सटेंशन, पटपड़गंज दिल्ली । |

आवेदन पत्र सीबीएसई की वेबसाई www.cbse.nic.in से डाउन लोड किये जा सकते है विद्यार्थी केवल उपर्युक्त संस्थानों से ही आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है डिमाड ड्राफ्ट सचिव केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के नाम से देय होगा । डिमांड डाफ्ट के पीछे विद्यार्थी का रोल नंम्बर और मोबाइल नं0 लिखा होना चाहिए ।

कैश अथवा डिमांड डाफ्ट सभी कार्य दिवसों पर प्रातः 9.00 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच में परिणामों कि घोषणा 21 दिनों के भीतर करवा सकते है आवेदन स्पीट पोस्ट द्वारा सीबीएसई क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली में डिमांड डाफ्ट सहित भी किया जा सकता है

तथा **दिल्ली से बाहर के परीक्षार्थियों के लिए** सत्यापन के लिए आवेदन पत्र संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों अथवा बोर्ड की वेबसाईट से डाउन लोड करके प्राप्त कर सकते है ।

अंकों के सत्यापन के प्ररिणाम ई मेल द्वारा तथा बोर्ड की वेबसाईट पर सूचित किये जायेगें । जिन विद्यार्थियों के परिणाम में बदलाव होगा उन्हें स्पीड पोस्ट द्वारा पत्र भेजा जायेगा । यदि कोई आवेदक ऑनलाईन अथवा ऑफ लाईन आवेदन में अपना ई मेल सूचित नहीं करता तो अंकों के सत्यापन की सूचना साधारण पोस्ट द्वारा दी जायेगी ।

**क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली में परिणाम घोषणा की व्यवस्था :–**

स्कूलों को यह सूचित किया जाता है कि वह अपने संबंधित उप निदेशक के कार्यालय से दिनांक 23–05–2011 को 2 बजे के उपरान्त परिणाम लें ।

प्राईवेट परीक्षार्थी अपने परीक्षा केन्द्रों से संपर्क करें । बोर्ड में परिणाम बताने की कोई व्यवस्था नहीं होगी ।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, परीक्षा के सफल और सुचारू रूप से संचालन में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए शिक्षा निदेशालय, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, जवाहर नवोदय विद्यालय समिति, पब्लिक स्कूलों जैसी सहयोगी संस्थाओं और राज्य सरकारों के प्रति आभार व्यक्त करता है । परीक्षा संचालन के दौरान समय–समय पर सहायता तथा सहयोग प्रदान करने के लिए दिल्ली एंव समस्त राज्यो की पुलिस भी विशेष धन्यवाद की पात्र है।

| | | |
|---|---|---|
| **रमा शर्मा** | **महेश चन्द्र शर्मा** | **विनीत जोशी** |
| **जन संर्पक अधिकारी** | **परीक्षा नियंत्रक** | **अध्यक्ष** |